गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिए सड़क पर उतरे हजारों गौभक्त

खरगोन। गौ-माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और पूर्ण गौ-हत्या प्रतिबंध की मांग को लेकर सोमवार को शहर में विशाल रैली निकाली गई। गौ सम्मान आह्वान अभियान के आयोजित रैली का नेतृत्व साधु-संतों ने किया।

भक्तिमय भजनों की गूंज के बीच हजारों हाथों में लहराते केसरिया ध्वज के साथ सड़कों पर उतरे गौरक्षकों का संदेश बिल्कुल साफ था की गाय केवल पशु नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था और संस्कृति का मूल स्तंभ है। विभिन्न मार्गों से रैली के रुप में गौ-सम्मान के प्रति आमजन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गौरक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

गौरक्षकों ने बताया गौ.संरक्षण को लेकर देशव्यापी चेतना अपने चरम पर है। इसी वर्ष अप्रैल माह में भी विशाल रैली निकाली गई थी, इसके बाद यह दूसरा बड़ा आयोजन है।

गौरक्षकों ने एक चौंकाने वाला आंकड़ा साझा करते हुए कहा कि अब तक वर्ष 2026 में देशभर की 518 तहसीलों से करोड़ों गौभक्त नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के समर्थन में आवेदन पत्र केंद्र सरकार और राष्ट्रपति को भेजे जा चुके है। जन-जन के इस समर्थन के साथ अब जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर दो प्रमुख मांगें रखी जा रही हैं। गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए और देश भर में गौ.हत्या पर पूर्ण एवं प्रभावी वैधानिक प्रतिबंध लागू हो।

ज्ञापन में ये की गईं मांग

ज्ञापन में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि गौवंश संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता देते हुए संविधान के अनुच्छेद 48 की भावना के अनुरूप केंद्रीय गौ सेवा एवं संरक्षण कानून बनाया जाए। गौ तस्करी और अवैध वध पर कठोर कार्रवाई, दोषियों के लिए सख्त दंड, आधुनिक गौशालाओं की स्थापना, निराश्रित गौवंश के संरक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को बढ़ावा, गोमूत्र और गोबर आधारित उत्पादों के प्रोत्साहन तथा गोचर भूमि संरक्षण के लिए प्रभावी नीति लागू करने की मांग की गई ज्ञापन में कहा गया कि गौवंश केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्थाए प्राकृतिक खेती, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा का महत्वपूर्ण आधार है।

स्कूल की राह में मनचलों का जमावड़ा, छात्राएं परेशान

नवभारत न्यूज

खरगोन। नया शिक्षा सत्र शुरु हो गया है। स्कूलों में प्रवेश के बाद अब कक्षाएं संचालित होने लगी है। शहर का तिलक पथ शिक्षा हब माना जाता है। इन क्षेत्र में उत्कृष्ट स्कूल, कन्या हायर सेकेंडरी सहित प्राथमिक, माध्यमिक एवं निजी शिक्षण संस्थाएं संचालित होती है। करीब एक दर्जन से अधिक शिक्षक संस्थान होने से इस मार्ग पर हजारों छात्र-छात्राओं की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में कुछ मनचले छात्राओं की राह में रोड़ा बन रहे है।

तिलक पथ पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़, फब्तियां कसने के मामले सामने आने लगे है। छेड़छाड़ की घटनाएं बढने से स्कूल संचालकों सहित अभिभावकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मिली जानकारी अनुसार कई बार स्कूल संचालकों, पालको ने भी पुलिस एवं प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार खरगोन नगर सहित गांवों और कस्बों से छात्राओं के स्कूलों के आने-जाने के समय एक बाइक पर तीन से चार युवक सवार होकर चक्कर काटने के साथ ही छात्राओं का पीछा कर फब्तियां कसते है। बाल शिक्षा निकेतन के प्राचार्य प्रवीण मीणा ने बताया कि बाल शिक्षा निकेतन संस्था के स्कूल लगने एवं छूटने के समय में मनचले स्कूल के गेट के सामने खड़े हो जाते है। उन्हें बेवजह स्कूल मार्ग पर खड़ा होने से मना करने पर विवाद करने लगते है।

संस्था द्वारा पूर्व में भी थाने में शिकायत भी की गई थी, किंतु अब तक पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता नाजिम शेख ने बताया कि प्रशासन द्वारा स्कूलों में बालिका सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबर 181, 1098 के साथ सुरक्षा जैसे जागरुकता कार्यक्रम समय-समय पर जरुर चलाए जा रहे है, लेकिन इन जागरुकता कार्यक्रमों के साथ ही सुरक्षित माहौल मुहैया कराना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। पालको, स्कूल संचालकों की मांग है कि स्कूल समय पर पुलिस की पेट्रोलिंग या पुलिस जवान की तैनाती की जानी चाहिए, जिससे मनचलों में कानूनी कार्रवाई का डर बना रहे। इसके साथ ही भविष्य में होने वाली किसी बड़ी घटना पर भी रोक लग सके।

मुनिश्री सुधासागर महाराज की अगवानी की

सनावद। चातुर्मास के लिए इन्दौर पहुँचे पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधा सागर महाराज की अगवानी में पहुँचकर पार्श्व ज्योति मंच के सदस्यों ने भी अभिवंदना कर भक्ति भावना व्यक्त की। महामंत्री बसंत पंचोलिया सहित मंच के सदस्यों ने खुशी जाहिर की।

डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि पूज्य मुनि जी के सुयोग्य मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से मंच के सदस्यों में धर्म प्रचार की रुचि बनी है। मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज अपने गुरुवर पूज्य आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के द्वारा निर्यापक श्रमण के रुप में प्रतिष्ठा प्राप्त कर शिक्षा दीक्षा देने के साथ भारतवर्ष में धर्म प्रचार हेतु निरंतर तत्पर रहते हैं।

अ.भा. दि. जैन विद्वत परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती, अशोक शास्त्री, पंकज जैन सहित अनेक विद्वानों ने भी इन्दौर की शोभायात्रा में सम्मिलित होकर गुरु जी के प्रति भक्ति समर्पित की।

छात्रों को किया जागरुक

नवभारत न्यूज

बड़वाह। नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आज थाना बड़वाह पुलिस द्वारा शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास, बड़वाह एवं नौगढ़ घाट (नर्मदा तट) पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के विद्यार्थियों एवं नौगढ़ घाट पर उपस्थित नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई। पुलिस द्वारा पम्पलेट वितरित कर सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशे के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्ति की शपथ लेते हुए संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

एक नजर में

जिनालय में पूजन कर मण्डल पर अर्घ्य समर्पित



सनावद। अष्टान्हिका पर्व के पाँचवें दिन श्री आदिनाथ जिनालय में रविवार को नन्दीश्वर दीप महामण्डल विधान के अन्तर्गत श्री जी के अभिषेक पूजा पाठ के बाद नन्दीश्वर दीप के मण्डल पर प्रफुल्ल जैन ने अर्घ्य समर्पित कर शांति की कामना की। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि महावीर जिनालय में भी श्रद्धालुजन सिद्धचक्र महामण्डल विधान में सिद्ध परमात्माओं के गुणों का गुणगान कर पुण्यार्जन कर रहे हैं।

तीर्थ यात्रा से लौटने पर किया सम्मान

मंडलेश्वर। पवित्र सावन मास में नगर धार्मिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। एक तरफ विधायक की कावड़ यात्रा को लेकर तैयारियां चल रही है तो दूसरी ओर जूना श्रीराम मंदिर मे भी धार्मिक गतिविधियां जारी है। गौ माता को राष्ट माता का दर्जा दिलाने के आंदोलन की नगर में पहली बैठक के बाद संस्कृत गोष्ठी का जिला स्तरीय सम्मेलन भी यहां सम्पन्न हुआ। विगत दिनों सहेली ग्रुप की कुछ महिलाओं ने तीर्थयात्रा की थी इस धार्मिक यात्रा से लौटी महिलाओं का सम्मान समारोह पूर्वक सहेली ग्रुप द्वारा किया गया। ग्रुप की संस्थापक रीटा जोशी ने बताया की हमारे ग्रुप की सदस्य बहन नीलम मालवीया अंजू व्यास सुधा पाटीदार संध्या शर्मा रजनी ठाकुर जयश्री पटेल उषा डोंगरे सुनीता अग्रवाल शुभांगी अग्रवाल ज्योति मंडलोई रंजना पाटीदार राजकुमारी जैन राधा भार्गव शशि नामदेव रेणुका पाटीदार और सुचित्रा पाटीदार द्वारा देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा की गई। उनके इस धार्मिक यात्रा के अनुभव हम सबने सुने और इन अनुभवों को सुनकर अन्य महिलाओ ने भी तीर्थ यात्रा पर जाने का मन बनाया है इस तरह की धार्मिक यात्राओं से एक अच्छा धार्मिक माहौल बनता है जिससे लोगो मे धर्म के प्रति श्रद्धा बढ़ती है। इस लिए सहेली ग्रुप द्वारा तीर्थ यात्रा से लौटी सखियों का पीला दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया सभी महिलाओ ने अपने यात्रा अनुभव साझा किए।

सगरवंशी माली समाज की 500 प्रतिभाएं सम्मानित

खरगोन। क्षत्रिय सकल सगरवंशी माली समाज सामाजिक संस्था यूथ फोरम के तत्वाधान में रविवार को शहर की पीजी कॉलेज भारत माता सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विशेष अतिथि पद्म जगदीश जोशीला एवं लॉ कॉलेज सहायक प्राध्यापक शिवांगी निराले के साथ ही कार्यक्रम अध्यक्ष हेमराज सोलंकी ने समाज की 500 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले विद्यार्थियों के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण यूथ फोरम अध्यक्ष नितेश मुछाल ने दिया। उन्होंने कहा आज समाज के विद्यार्थियों सहित पालकों की उपस्थिति ने आयोजन समिति का उत्साहवर्धन किया है, यही आयोजन की सफलता है।

275 रोगियों ने लिया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ

खरगोन। जय श्री अंबे सेवा संस्थान द्वारा गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान धार्मिक, सामाजिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के तहत रविवार को मां अंबिका विद्यापीठ इच्छापुर पिपरी में 62 गांव के आराध्य संकट मोचन खेड़ापति हनुमान और माँ अम्बे मंदिर परिसर में विशाल निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर 275 रोगियों का उपचार किया गया।

शिविर में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दुर्गेश पाटीदार, ईएनटी डॉ नेकी पाटीदार, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ शुभी जोशी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष मोरे, जनरल फिजिशियन डॉ मयंक पाटीदार, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. आकृति पाटीदार, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित चौहान, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना चौहान, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. क्षितिज पाटीदार ने सेवाएं दी।

शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा हड्डी रोगों की जांच की गई। ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी की जांच निश्शुल्क की गई। शिविर में पहुंचे रोगियों को दवाईयां भी निश्शुल्क वितरण की गई। शिविर में एमआर एसोसिएशन, संस्था के हेमराज, कड़वा, योगेश, जगदीश, मुरलीधर, मुकेश पाटीदार आदि का सहयोग रहा।

विधायक ने किया पत्रकार भवन का लोकार्पण

सनावद। नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण विधायक सचिन बिरला, खरगोन जिला पत्रकार संघ के संरक्षक मनोज रघुवंशी एवं अध्यक्ष सुनील शर्मा ने किया। नगर पत्रकार संघ बेड़िया के अध्यक्ष नरेंद्र गावशिंदे ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का सत्कार किया।

विधायक ने बेड़िया के नवीन पत्रकार भवन की सुरक्षा बाउंड्री और शेड के लिए डेढ़ लाख रु प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने सनावद नगर के पत्रकार भवन के रखरखाव और फर्नीचर के लिए एनटीपीसी से 2 लाख स्वीकृत कराने और बड़वाह नगर में सर्वसुविधा संपन्न पत्रकार भवन उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया।

रघुवंशी ने कहा कि पत्रकार समाज का आइना होते हैं और अपनी कलम की ताकत से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने पत्रकारों से एकजुट रहने का आव्हान किया। सनावद प्रेस क्लब समिति के उपाध्यक्ष विवेक विद्यार्थी ने पत्रकारों की सुविधा के लिए सनावद नगर के पत्रकार भवन में आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी। वरिष्ठ पत्रकार श्याम माहेश्वरी ने कहा कि पत्रकारिता जनजागरण का माध्यम है।

एनटीपीसी के अधिकारी रघुवीरसिंह मीणा ने कहा कि पत्रकारों की मांग एनटीपीसी तक पहुंचाएंगे। अतिथियों ने वरिष्ठ पत्रकार गोपाल पंड्या, लोकेंद्र शाह का शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। अतिथियों ने पौधारोपण भी किया। इस दौरान सरपंच चंद्रपालसिंह सोहनेर, दिलीप पटेल, गोविंद बिरला, पत्रकार संदीप पंचोले, जितेंद्र जाधम, सरफराज अली, दिलीप बिरला, प्रेम कुंडले, गणेश सोलंकी, देवेंद्र मालाकार, राजेश जैन, कुलदीपसिंह अरोरा, मुकेश ठक्कर, ओम रामनेकर, आवेश परसाई, विजय गुप्ता, भगवानसिंह चौहान, रशीद जोया, तिरुपति पांडे, श्याम जोशी, संजय पाठक, रजनीश कानूनगो, ओम राठौर उपस्थित थे। संचालन रामेश्वर सिनगुने ने किया।

कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क कर उनकी चिंता करना ही संगठन का विस्तार

खरगोन। भारतीय किसान संघका दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का सोमवार को समापन हुआ। माधव आश्रम न्यास गौशाला परिसरमंडलेश्वर में आयोजित वर्ग की शुरुआत योग, नर्मदा स्नान के साथ हुई। स्वदेशी बीज एवं सदस्यता अभियान पर मंथन हुआ।

जगदीश मऊ वाला डैडी ने भारतीय किसान संघ के तीन आयामों संगठनात्मक, रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क कर उनकी चिंता करना ही संगठन का विस्तार है। रचनात्मक कार्यों में प्रत्येक सामाजिक एवं धार्मिक कार्य पर ध्यान दिया जाना चाहिए। आंदोलनात्मक कार्यों में गीत और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। संभाग अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने ग्राम समिति के कार्य एवं आगामी चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्राम समिति की प्रत्येक माह बैठक होना चाहिए। ग्राम के करणीय कार्यों पर विचार करना चाहिए। ग्राम समिति को आदर्श बनाकर नशा मुक्ति पर भी ध्यान देना चाहिए। श्री राठौड़ ने किसानों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती स्वदेशी बीज को बताया। उन्होंने कहा कि यदि मल्टीनेशनल कंपनियों ने भारत के बीजों को समाप्त कर दिया तो किसान तबाह हो जाएगा। विकास के नाम पर कंपनियां बिना सहमति के किसान की जमीन छीन रही हैं। मेंसेंटो जैसी कंपनियों से सजग रहकर किसान को आत्मनिर्भर बनना होगा। श्रीमती रीना पटेल आश्रम व्यवस्थापक ने जैविक खेती पर जोर दिया। समापन सत्र में प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल ने सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी वर्ष में प्रांत में 11 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। मीडिया प्रभारी नितेश मोर्य ने बताया खरगोन जिले में भी 1 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया।

पाल धाम के लिए पैदल जत्था रवाना

बिस्टान। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पाल (महाराष्ट्र) स्थित लक्ष्मण बापू धाम के लिए श्रद्धालुओं का पैदल जत्था रवाना हुआ।

अंकवाड़ी कृष्ण मंदिर से निकली यात्रा में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए गुरु महिमा का गुणगान किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा व जलपान से यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालु गुरु पूर्णिमा पर पाल धाम पहुंचकर आशीर्वाद लेने के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना करेंगे। यह यात्रा का 22वां वर्ष है।

कारगिल विजय दिवस पर किया रक्तदान

खरगोन। कारगिल विजय दिवस पर अपरिचित सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी काछीपुरा, कसरावद के ग्रामीणों ने अनूठी मिसाल पेश की। ग्रामीणों ने वीर सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए रक्तदान, पौधारोपण सहित नशा मुक्ति का संदेश देते हुए सामाजिक सरोकार के कार्यों को बढ़ावा दिया। कुनबी पटेल समाज धर्मशाला में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 44 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया। शिविर का आयोजन ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय के सहयोग से किया गया। ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. विनय सिंह चौहान, सचिन चौहान, सचिन वर्मा, अनिल बिरला आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

विधायक राजकुमार मेव ने 25 लाख के निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

राम कथा में जानकी विवाह और राम-परशुराम संवाद का प्रसंग

महेश्वर। नगर से 7 किलोमीटर दूर इंदौर मार्ग पर स्थित ग्राम खारिया में अति प्राचीन बाराद्वारी श्री हनुमान मंदिर परिसर में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचन विद्वान पंडित व कथा मर्मज्ञ पंकज मेहता के मुखाबिंद से किया जा रहा है। सोमवार को कथा प्रसंग के दौरान भगवान श्री राम तथा माता सीता विवाह तथा भगवान परशुराम-राम व लक्ष्मण का संवाद हुआ।

इस दौरान महाराज श्री ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम का चरित्र जीवन में अपनाने वाला चरित्र है क्योंकि उन्होंने भगवान होने के बावजूद मनुष्य रूप में जन्म लेकर उन सभी परंपराओं और मान्यताओ को अंगीकार किया जो एक मनुष्य को अपने जीवन में करना पड़ता है पिता की आज्ञा वनांगमन के साथ ही राक्षसों का विनाश भी किया। भगवान राम ने अपने जीवन की वह सभी समस्याएं सही है जो आम आदमी को अपने जीवन में उठाना पड़ती है इसलिए भगवान राम का चरित्र हम सब के लिए प्रेरणादायी है। महाराज श्री ने भगवान राम और भगवान परशुराम के संवाद को विशिष्ट संवाद बताते हुए कहा कि यह दुनिया का सबसे उत्तम संवाद है हमें अपने वरिष्ठ जनों का सम्मान किस तरह करना चाहिए यह राम- परशुराम संवाद में देखने और सुनने को आता है। राम विवाह महोत्सव कथा प्रसंग के दौरान कई श्रद्धालुओं और संत जन उपस्थित थे जिन्होंने कथा श्रवण करते हुए राम नाम का रसपान किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य विरेन्द्र पाटीदार, हुकुमचंद पाटीदार, नितिन मनोरे के सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

विधायक ने किया लोकार्पण

इस अवसर पर क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने बाराद्वारी सरकार के विकास हेतु 25 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही कथा स्थल के लिए हाई मास्ट लाइट एवं व्यासपीठ हेतु ?5 लाख की घोषणा कर धार्मिक आयोजन को नई ऊर्जा प्रदान की। इस जनहितैषी सहयोग के लिए मंदिर समिति एवं समस्त रामभक्तों ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।